नवभारत टाइम्स NBT
Delhi Times OF INDIA
masala mix
FRIDAY, MARCH 27, 2026
ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE



बडीमून ट्रेंड में विजय और रश्मिका शामिल

देखें अंदर



पू और गीत पॉप कल्चर के ऐसे बेंचमार्क बन गए हैं कि युवा खुद को उनसे जोड़कर देखते हैं। लेकिन असल में कोई भी जानबूझकर उनकी नकल नहीं करना चाहता, क्योंकि सबकी अपनी पहचान होती है

करीना कपूर

# 'फैशन को लेकर मैं भी दबाव महसूस करती हूं'

विनय एमआर मिश्रा

अपने करियर के 26 साल पूरे होने के बाद भी करीना कपूर खान नए-नए किरदारों के जरिए दर्शकों के बीच पॉपुलर हैं। हाल ही में एक इवेंट में उन्होंने समय के साथ खुद में किए गए बदलावों, खान-पान व फिटनेस के बीच संतुलन, उनके किरदारों के पॉप कल्चर आइकन बनने और राज कपूर स्टूडियोज को फिर से शुरू करने की प्लानिंग के बारे में बात की।

करीना के सबसे मशहूर किरदारों में फिल्म जब वी मेट का गीत और कभी खुशी कभी गम का पू शामिल है, जो वक्त के साथ युवाओं में पॉप कल्चर का आइकन बन गए हैं और तमाम युवा उन्हें फॉलो करते नजर आते हैं। इस पर बेबो कहती हैं, 'मुझे ऐसा नहीं लगता है कि लोग जानबूझकर ऐसा करने की कोशिश करते हैं। मेरा मानना है कि पू और गीत पॉप कल्चर के ऐसे बेंचमार्क बन गए हैं कि 2026 में भी युवा कहीं ना कहीं खुद को उनसे जोड़कर देखते हैं। लेकिन कोई भी जानबूझकर उनकी नकल नहीं करना चाहता, क्योंकि सबकी खुद की पहचान होती है और यह बहुत जरूरी है।'



जब वी मेट में करीना और शाहिद कपूर


## 'फैशन स्टेटमेंट बनाने का मेरा कोई प्लान नहीं होता'

फैशन के मामले में भी करीना का कोई जवाब नहीं है मगर उनका मानना है कि जब भी वह बाहर निकलती हैं तो हर बार बहुत दबाव महसूस करती हैं। वह कहती हैं, 'मैं फैशन एंजॉय करती हूं लेकिन एक दबाव भी होता है। मैं फैशन को कम्फर्ट में एंजॉय करती हूं। मैं ऐसी चीजें पहनना या ऐसे फैशन में दिखना पसंद नहीं करती हूं, जिससे मैं असहज महसूस करूं। मैं कोई ट्रेंड इसलिए नहीं फॉलो करूंगी क्योंकि वह कूल है या देखने में अच्छा लग रहा है। मैं सबसे पहले ये देखूंगी कि मैं खुद क्या करना चाहती हूं। इसलिए कोई फैशन स्टेटमेंट बनाने का मेरा कभी कोई प्लान नहीं होता।'

CONTINUED ON » 4

ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन बिल 2026 के विरोध में आगे आए बॉलिवुड सिलेब्स

# 'हमें खुद तय करने दीजिए हमारा जेंडर'





Photos: Kaushik Naik

उपमा सिंह

'माई जेंडर इज नॉट अ मेडिकल टेस्ट'। 'अपुन का जेंडर, अपुन का हक'। मुंबई के आजाद मैदान में इन स्लोगनों वाली तख्तियां को हाथ में लिए LGBTQA (लेस्बियन, गे, बाय सेक्सुअल, क्वीर, एसेक्सुअल) और ट्रांसजेंडर बिरादरी की बड़ी तादाद जमा थी। ये लोग संसद में पारित 'ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक 2026' के विरोध में आवाज उठा रहे थे। ऐसे ही विरोध के स्वर एक रात पहले बॉलिवुड सितारों से सजे एक अवॉर्ड शो में भी सुनाई दिए, जहां नीरज घेवान जैसे फिल्मकार से लेकर तिलोत्तमा शोम जैसी अदाकारा ने इसके खिलाफ आवाज उठाई। असल में ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन बिल, 2026 में 2019 के ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) बिल में सुधार करते वक्त ट्रांस सर्टिफिकेट पाने के लिए मेडिकल टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है।

## 'मेडिकल प्रक्रिया अब हो गई जरूरी'

अब पहचान के लिए मेडिकल प्रक्रिया जरूरी कर दी गई है। इसके बाद ही जिला मजिस्ट्रेट ट्रांसजेंडर सर्टिफिकेट जारी करेंगे। बिल में ट्रांसजेंडर की परिभाषा को भी पहले के मुकाबले छोटा किया गया है।



मैं ट्रांस समुदाय के साथ हूं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा बिल पास हुआ है। हर इंसान को अपनी पहचान खुद तय करने का अधिकार है।
-नीरज घेवान, फिल्मकार

CONTINUED ON » 4

बिंदास BOL

**फिल्मों में दिखाई जाने वाली हिंसा युवाओं पर क्या प्रभाव डालती है?**

अपने विचार आप 200 शब्दों में भेज सकते हैं। चुनिंदा जवाबों को हम प्रकाशित करेंगे।

जवाब भेजने के लिए QR कोड को स्कैन करें या 9220747220 पर व्हॉट्सऐप करें। जवाब dtmmresponse@timesofindia.com पर ईमेल भी कर सकते हैं। साथ में अपना नाम और FILM लिखें।

पिछले सवाल के जवाब पेज 2 पर देखें

Buzzstop

## सिखों की नाराजगी पर आदित्य ने दी सफाई



**आदित्य धर** ने सोशल मीडिया पर धुरंधर 2 को लेकर सिख समाज की नाराजगी पर सफाई दी है। उन्होंने लिखा कि कुछ लोग AI का इस्तेमाल करके कॉन्टेंट छेड़ रहे हैं। ऐसी ही एक मनगढ़ंत फोटो में किरदार जसकिरत को पगड़ी पहने हुए सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है। यह पूरी तरह से झूठ है।

## सलमान खान के खिलाफ वारंट जारी



**सलमान खान** के खिलाफ जयपुर द्वितीय जिला उपभोक्ता आयोग ने तीसरी बार जमानती वारंट जारी किया है। मामला एक विज्ञापन से जुड़ा है। आयोग ने आदेश दिया कि टास्क फोर्स मुंबई जाकर व्यक्तिगत रूप से सलमान पर वारंट की तामील सुनिश्चित करे। आयोग ने पुलिस को अल्टीमेटम दिया है कि 6 अप्रैल को सुनवाई पर सलमान खान को कोर्ट में पेश होना ही होगा।

# दिल्ली से शुरू प्रियंका का रोमांचक सफर



इटली में एक फैशन इवेंट में शामिल होने के बाद प्रियंका चोपड़ा को अब दिल्ली एयरपोर्ट पर देखा गया। वह दिल्ली के रास्ते अमृतसर जा रही थीं। प्रियंका ने सोशल मीडिया पर बताया है कि वह एक रोमांचक सफर पर हैं। प्रियंका की दिल्ली एयरपोर्ट से जुड़े कुछ फोटोज और विडियोज भी सामने आए हैं। प्रियंका ने सोशल मीडिया पर स्टोरीज में अपने इस सफर की कुछ जानकारी भी साझा की। प्रियंका ने एक विडियो पोस्ट किया है जो उन्होंने फ्लाइट से ही बनाया है। इस विडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'हम निकल पड़े हैं नए रोमांच पर।' वहीं उन्होंने एक फोटो भी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने एक मैप में दिखाया है कि वह दिल्ली से अमृतसर जा रही हैं। इसके साथ भी उन्होंने लिखा, 'एक और रोमांच।' हालांकि वह किस वजह से अमृतसर जा रही हैं, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

## फैंस के साथ खिंचवाई ढेर सारी सेल्फी

जिस समय प्रियंका दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचीं, वहां कई पैपराजी भी मौजूद थे। प्रियंका ने उन्हें मुस्कुराते हुए पोज दिए और अपने कई फैंस के साथ फोटो खिंचवाती हुई भी दिखाई दीं।

Photos: Surender Kumar

# IFFD में लगा सितारों का मेला, धर्मेंद्र को सम्मान

रेड कार्पेट, ढेर सारे सितारे और सिनेमा में योगदान के लिए सम्मान...कुछ ऐसा रहा इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली (IFFD) का पहला दिन। भारत मंडपम में आयोजित इस फेस्टिवल के रेड कार्पेट को विकी कौशल, सिद्धांत चतुर्वेदी, ईशा गुप्ता, राकेश ओमप्रकाश मेहरा, लौरेन गोटलिब, कंगना रनौत सरीखे सितारों ने रोशन किया, तो वहीं तेलुगु सिनेमा से नंदमुरी बालकृष्ण, तमिल सिनेमा से अरविंद स्वामी और बंगाली सिनेमा से प्रोसेनजीत चटर्जी ने भी इसमें शिरकत की।



## हेमा ने स्वीकार किया धर्मेंद्र का सम्मान

अर्जुन कपूर और निमरत कौर की होस्टिंग वाले इस कार्यक्रम में धर्मेंद्र, शर्मिला टैगोर और नंदमुरी बालकृष्ण को सिनेमा में अपने बेहतरीन योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र का अवॉर्ड उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने एक्सेप्ट किया और कहा कि यह ट्रिब्यूट दिखाता है कि लोग उन्हें कितना प्यार करते थे। इसलिए उन्हें हमेशा कैमरा के सामने रहना अच्छा लगता था। वहीं शर्मिला टैगोर ने कहा कि यह अवॉर्ड उनके लिए बहुत स्पेशल है और फिल्मों में काम करना उन्हें हमेशा बहुत अच्छा लगता रहा है। इस मौके पर विकी कौशल ने पहले IFFD में सबका स्वागत करते हुए कहा कि आज जो दिल्ली दिख रही है, वह नया जमाना है लेकिन दिल्ली और सिनेमा का रिश्ता बड़ा पुराना है।

यह ट्रिब्यूट दिखाता है कि लोग उन्हें (धर्मेंद्र को) कितना प्यार करते थे। इसलिए उन्हें हमेशा कैमरा के सामने रहना अच्छा लगता था।
- हेमा मालिनी



मैं IFFD में सबका स्वागत करता हूं। दिल्ली और सिनेमा का रिश्ता बहुत पुराना है और यह फिल्म फेस्टिवल सिनेमा के लिए नए रास्ते खोलेगा।
- विकी कौशल

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 27-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDDPRD User: cci Time: 03-26-2026 15:07 Color:



Photos: Social Media

# 'स्टेटमेंट नेकलाइन' सिंपल लुक से पावर ड्रेसिंग तक हिट यह ट्रेंड

**स्टाइल टिप**
अपने शरीर और मौके के अनुसार नेकलाइन चुनें। अगर आप सॉफ्ट और ग्रेसफुल लुक चाहती हैं, तो ऑफ-शोल्डर या इल्यूजन स्टाइल अपनाएं और अगर बोल्ड व कॉन्फिडेंट लुक चाहिए है तो डीप V या असिमेट्रिकल नेकलाइन के ऑप्शन पर जाएं




सरोज धूलिया

**2026 में फैशन कपड़ों से आगे बढ़ गया है। नेकलाइन और शोल्डर डिजाइन से स्टाइल और पर्सनैलिटी को आकर्षक बनाया जा रहा है। ऑफ-शोल्डर, इल्यूजन नेकलाइन और स्ट्रक्चर्ड शोल्डर्स ट्रेंड में हैं:**

### सान्या मल्होत्रा का ऑफ-शोल्डर ड्रेप्ड नेकलाइन

सान्या की असिमेट्रिकल ऑफ-शोल्डर ड्रेप्ड नेकलाइन ग्लैमरस लुक देती है और एथनिक-फ्यूजन आउटफिट्स में बेहद स्टाइलिश लगती है। ऑफ-शोल्डर और ड्रेप्ड नेकलाइन इस ट्रेंड का खास हिस्सा है। यह कॉलरबोन और शोल्डर लाइन को खूबसूरती से हाइलाइट करते हुए एक ऐसा शानदार लुक देती है, जो आपकी स्टाइलिश पर्सनैलिटी को दिखाता है। खासतौर पर फेस्टिव और एथनिक-फ्यूजन लुक्स में यह हमेशा ट्रेंड में रहता है और आपको यूनीक लुक देने में खास काम आता है।



### कृति सेनन का असिमेट्रिकल ऑफ-शोल्डर वाला नेकलाइन डिजाइन

यह असिमेट्रिकल ऑफ-शोल्डर नेकलाइन स्टाइल है, जिसमें एक कंधा खुला और दूसरा कवर होता है। यह ट्रेंड बहुत ही मैच्योर, आर्टिस्टिक और फैशन में सबसे आगे रहने जैसा अहसास देता है। फोटोशूट, रेड कार्पेट या एडिटोरियल लुक्स के लिए यह परफेक्ट है। एक साइड पर वॉल्यूमिनोस या टेक्सचर्ड फैब्रिक इस लुक को ज्यादा दमदार अपील देता है, जो इसे मॉडर्न और लीक से हटकर बनाता है।



### सारा अली खान का ऑफ-शोल्डर इल्यूजन नेकलाइन डिजाइन

यह स्टाइल खासतौर पर शादियों और गाउन के फैशन में पॉपुलर है, क्योंकि यह शानदार और सॉफ्ट रोमांटिक लुक देता है। इस ड्रेस की नेकलाइन ऑफ-शोल्डर इल्यूजन स्टाइल है, जिसमें कंधे खुले रहते हैं और ऊपर ट्यूल या नेट की लेयर इसे रॉयल टच देती है। इसका हल्का स्वीटहार्ट शेप इसे और ज्यादा खूबसूरत बनाता है। फैशन में इसे ऑफ-शोल्डर इल्यूजन, इल्यूजन स्वीटहार्ट और शीयर ब्राइडल नेकलाइन जैसे नामों से जाना जाता है। यह इस साल का हॉट ट्रेंड बनता जा रहा है।



### प्रियंका का ऑफ शोल्डर ट्रेंड

प्रियंका की पहनी इस ड्रेस की नेकलाइन ऑफ-शोल्डर है, लेकिन साथ ही इसे एक सॉफ्ट ट्विस्ट भी दिया गया है। इसमें नेकलाइन कंधों से नीचे बैठती है, जिससे कॉलरबोन और शोल्डर खूबसूरती से हाइलाइट होते हैं। सीधी लाइन के बजाय इसमें हल्की वेवी/कर्व्ड शेप लुक को और फेमिनिन बनाती है। फुल स्लीव्स के साथ यह नेकलाइन एक एलिगेंट और क्लासी फील देती है और लुक को रोमांटिक, एलिगेंट और हल्का सा ग्लैमरस टच देती है।

> आज की नेकलाइन सिर्फ ड्रेस का डिजाइन नहीं, बल्कि आपका एटिट्यूड भी दिखाती है। ऑफ-शोल्डर की सॉफ्टनेस और स्ट्रक्चर्ड शोल्डर्स मिलकर ऐसा लुक बनाते हैं, जो आपको स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट दिखाते हैं।
>
> \- अंजलि अवस्थी, फैशन डिजाइनर

> 2026 का फैशन नेकलाइन के जरिए खुद को एक्सप्रेस करने का दौर है। चाहे डीप V की बोल्डनेस हो या इल्यूजन का शानदार लुक, हर स्टाइल आपको अलग लुक देने में खासा काम आता है।
>
> \- तुषा कपूर, डिजाइनर

### किस मौके के लिए कौन सी नेकलाइन?

- **ऑफ-शोल्डर नेकलाइन:** शादी, पार्टी और त्योहारों के लिए बिल्कुल सही।
- **असिमेट्रिकल ऑफ-शोल्डर:** पार्टी, रेड कार्पेट और फोटोशूट के लिए सबसे बेहतरीन।
- **इल्यूजन नेकलाइन:** शादी और सगाई जैसे फंक्शंस के लिए सही एकदम फिट।
- **डीप वी-नेकलाइन:** शाम की पार्टीज में यह शानदार लगती है।
- **स्टेटमेंट शोल्डर नेकलाइन:** ऑफिशियल इवेंट्स और लीक से हटकर फैशन के लिए बेस्ट।



### मलाइका अरोड़ा का मिक्स्ड या स्टेटमेंट नेकलाइन

मलाइका की पहनी इस ड्रेस की नेकलाइन एक मिक्स्ड या स्टेटमेंट नेकलाइन है, जिसमें कई स्टाइल्स का कॉम्बिनेशन है। यह नेकलाइन कॉलरबोन को हाइलाइट करती है, जिससे लुक सॉफ्ट और एलीगेंट बनता है। फ्रंट में हल्का डीप वी शेप दिख रहा है, जो लुक को बोल्ड दिखाता है। इस तरह की नेकलाइन से बॉडी लंबी और स्लिम दिखती है। साथ ही, शोल्डर पर थोड़ा उभरा हुआ डिजाइन इसे पावर ड्रेसिंग फील देता है।



## वाइट कलर से पाएं दमदार लुक

हर लड़की की अलमारी में एक बेसिक वाइट ड्रेस जरूर होती है। यह ऐसा क्लासिक पीस है, जो कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होता। लेकिन अक्सर इसे सिंपल या कैजुअल लुक तक ही सीमित कर दिया जाता है। अब समय है इसे नए, स्टाइलिश और मजेदार तरीके से कैरी करने का।

### लेदर प्लीटेड स्कर्ट के साथ

वाइट शर्ट को लेदर प्लीटेड स्कर्ट के साथ पहनकर आप 90s वाला स्टाइलिश वाइब पा सकती हैं। यह लुक क्लासी और हल्का बोल्ड टच देता है।

### बायसायकल शॉर्ट्स के साथ

रिलैक्स्ड और ट्रेंडी लुक के लिए वाइट टॉप को बायसायकल शॉर्ट्स के साथ पेयर करें। इसके साथ टोट बैग और स्नीकर्स परफेक्ट लगते हैं। वाइट शर्ट को लेदर प्लीटेड स्कर्ट के साथ पहनकर आप 90s वाला स्टाइलिश वाइब पा सकती हैं।

वाइट शर्ट का हर स्टाइल आपको सिंपल से स्टेटमेंट लुक में बदल देता है।

## बिंदास BOL

### गानों में अभद्र शब्दों के प्रयोग का समाज पर क्या असर पड़ता है

सवाल पर पाठकों की राय

गानों में अभद्र शब्द केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज की सोच को प्रभावित करते हैं। जब युवा बार-बार ऐसे गाने सुनते हैं, तो उनकी भाषा और महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदलने लगता है। असम्मानजनक शब्द सामान्य हो जाते हैं और हमारे संस्कार कमजोर पड़ते हैं। जो बातें पहले शर्मनाक थीं, आज आम हो गई हैं। गाने संदेश भी देते हैं, इसलिए हमें अच्छे और प्रेरणादायक गीतों को बढ़ावा देकर सकारात्मक बदलाव लाना होगा और अपनी पसंद से समाज की दिशा तय करनी होगी।

-पुनीत कुमार

फिल्मों और गानों में बढ़ती अश्लीलता सामाजिक मूल्यों को कमजोर कर रही है और युवाओं को गलत दिशा में ले जा रही है। इनमें नशा, अपराध और हथियारों का महिमामंडन होता है, जिसे युवा वास्तविकता मान लेते हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नियंत्रण की कमी चिंता का विषय है। सेंसर बोर्ड की भूमिका भी कमजोर हुई है। सूचना-प्रसारण मंत्रालय को सख्त कदम उठाने चाहिए। संसद को कठोर कानून बनाकर ऐसी सामग्री पर रोक लगानी चाहिए, जिससे समाज और भावी पीढ़ी सुरक्षित रह सके।

-प्रविंद्र

## साड़ी ट्रेंड: विरासत, कला और स्टाइल का खूबसूरत संगम

सरोज धूलिया



इस साल साड़ियों का अंदाज पहले से ज्यादा एक्सप्रेसिव और कलात्मक नजर आ रहा है। फैशन अब सिर्फ पहनावे तक सीमित नहीं, बल्कि संस्कृति, कला और भावनाओं की अभिव्यक्ति का जरिया बनता दिख रहा है। इस साल साड़ियों में हेरिटेज, हैंडलूम और इंडियन क्राफ्ट की मजबूत उपस्थिति दिखाई दे रही है। डिजाइनर्स मानते हैं कि आने वाले समय में साड़ी केवल परिधान नहीं, पहचान, विरासत और व्यक्तिगत कहानी का माध्यम बनेगी।

### ट्रेडिशनल और मॉडर्न का परफेक्ट बैलेंस

2026 का साड़ी ट्रेंड ट्रेडिशनल एलिगेंस और मॉडर्न कम्फर्ट का खूबसूरत मेल पेश कर रहा है। हर दिन पहने जाने वाली हल्की साड़ियों से लेकर फेस्टिव व स्टेटमेंट साड़ियों तक, हर जगह आराम, सादगी और पर्सनैलिटी को उभारने पर फोकस दिख रहा है।

### साड़ियों में कला और विरासत की झलक

साड़ी की नई डिजाइन्स आदिवासियों की जीवनशैली, लोक परंपराएं और क्षेत्रीय कला से प्रेरित हैं। ये साड़ियां न केवल फैशन स्टेटमेंट हैं बल्कि भारतीय सांस्कृतिक स्मृतियों और कला विरासत का भी प्रतिनिधित्व करती हैं।

### हैंड-पेंटेड साड़ियों का लोगों में तेजी से बढ़ने लगा है क्रेज

टसर, चीया, बनारसी और चंदेरी जैसे फैब्रिक फिर चर्चा में हैं। साथ ही हैंड-पेंटेड और हैंड-प्रिंटेड साड़ियां तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। ये डिजाइन साड़ी को 'वियरेबल आर्ट' यानी पहनने योग्य कला का रूप दे रहे हैं।

> साड़ी केवल कपड़ा नहीं, बल्कि एक जीवंत कैनवास है, जिस पर कलाकार अपनी सोच और भावनाएं उकेरता है। - शिखा अजमेर, डिजाइनर



### 2026 के साड़ी ट्रेंड

- हाथ से बनी साड़ियां: हैंडलूम और हस्तकरघा साड़ियों की बढ़ती लोकप्रियता।
- थीम बेस्ड साड़ियां: संस्कृति, प्रकृति और कला से प्रेरित साड़ियां पसंद आ रहीं।
- सिल्क फैब्रिक: टसर, बनारसी और चंदेरी जैसी साड़ियों का मजबूत ट्रेंड।
- हैंड-पेंटेड और हैंड-प्रिंटेड डिजाइन का क्रेज।
- सस्टेनेबल फैशन और 7R कॉन्सेप्ट पर फोकस।
- आराम, एलिगेंस और पर्सनल स्टाइल का संतुलन।

### हथकरघा साड़ियों की बढ़ती मांग

हथकरघा साड़ियां अब सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि सस्टेनेबल फैशन का प्रतीक बन रही हैं। हल्की सूती साड़ियों से लेकर पारंपरिक सिल्क वैरायटी तक, इनकी मांग बढ़ रही है। ये साड़ियां जहां पहनने में आरामदायक होती हैं, वहीं लोकल कारीगरों और भारतीय टेक्सटाइल विरासत को भी मजबूती देती हैं।

-तुषा कपूर, फैशन डिजाइनर

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 27-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDMMM User: cci Time: 03-26-2026 15:08 Color:






# कहानी अच्छी हो तो भारतीय फिल्म भी करूंगा: बेल

रेणुका व्यवहारे

बैटमैन बिगिन्स, द डार्क नाइट और फोर्ड वर्सेज फरारी जैसी बेहतरीन फिल्मों में अदाकारी दिखा चुके ऑस्कर विजेता क्रिश्चियन बेल ऐक्टिंग के प्रति अपने कमिटमेंट को लेकर काफी फेमस हैं। वह कई किरदारों के लिए अपना बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन भी कर चुके हैं। उनका मानना है कि शरीर में किया गया बदलाव किरदार को बदल देता है। यहां क्रिश्चियन बेल ने हमसे तमाम मुद्दों पर बात की:

**पिछली बार जब आप भारत आए, तब आपकी वह ट्रिप काफी मजेदार रही थी। उस ट्रिप के कुछ यादगार किस्से हैं तो हमें बताएं?**
मेरी मुंबई में रहने के दौरान बहुत अच्छी यादें हैं। 2018 में मैं अपने परिवार संग यहां घूमने आया था। तब हम दिल्ली से होते हुए आगरा, फिर जयपुर और आखिर में मुंबई गए थे। उससे पहले साल 2011 में द डार्क नाइट राइजेज की कुछ शूटिंग के लिए भी राजस्थान आए थे।


**आपकी फिल्म द प्रेस्टीज (2006) भारत में भी अडैप्ट (धूम 3) कर बनाई गई थी। क्या हम आपको किसी भारतीय फिल्म में देख पाएंगे?**
मेरे पास इसको लेकर कोई प्लान नहीं है। लेकिन हां, अगर कभी ऐसा मौका मिलता है और अगर कोई अच्छी कहानी आती है तो मैं उसे जरूर एक्सप्लोर करूंगा। मैंने भारतीय फिल्में देखी हैं, लेकिन मैंने काफी समय से कुछ नहीं देखा है। मैं सच में खुद को कोसने वाला हूं, लेकिन भारतीय ऐक्टर्स की एक बहुत ही शानदार फिल्म थी, जो मैंने लगातार दो बार देखा क्योंकि मुझे वह बहुत पसंद आई थी। लेकिन मैं कितना बेवकूफ हूं, मुझे उस फिल्म का नाम भी याद नहीं है।

**आपने कहा था कि लव स्टोरीज आपको अट्रैक्ट नहीं करती हैं। लेकिन द ब्राइड के लिए आपका मन कैसे बदल गया?**
कुछ भी नहीं बदला है। मुझे अभी भी फिल्मों में रोमांस काफी बोर लगता है, लेकिन यह उस जैसा नहीं है। द ब्राइड एक रॉम-कॉम नहीं है। यह पूरी तरह से अलग चीज है। जब मैंने इसे पहली बार पढ़ा, तो प्रेम कहानी शब्द मेरे दिमाग में आया ही नहीं। यह बस दो खूबसूरत पागल लोगों की मुलाकात थी जो सच की तलाश में हैं और उन्हें दूसरा मौका दिया जा रहा है।

**आपको लगता है कि दुनिया हमेशा लोगों को उनके लुक्स के आधार पर बहुत ज्यादा जज करती है?**
खूबसूरती तो खूबसूरती है। लेकिन अट्रैक्शन एक बिल्कुल अलग चीज है। आकर्षण एक छोटी-सी चिंगारी है, जो जिंदगी को खुलकर जीने की चाहत के रूप में व्यक्ति के अंदर जली रहती है। और बिल्कुल यही अट्रैक्शन ब्राइड के फैंक (फिल्म में उनका किरदार) को दुल्हन के लिए होता है क्योंकि वह किसी और से अलग है जिससे वह पहले कभी मिला हो। वह उसकी दुनिया का अहम हिस्सा बन जाती है।


द ब्राइड फिल्म का एक सीन

# टेलर-ट्रैविस सात देशों में मनाएंगे अपना हनीमून



पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और खिलाड़ी ट्रैविस केल्स एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह है उनके हनीमून की प्लानिंग, जो काफी चर्चा में है। दरअसल खबर है कि दोनों अपनी शादी के बाद करीब तीन हफ्तों तक अलग-अलग खूबसूरत जगहों पर समय बिताएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, टेलर और ट्रैविस अपने हनीमून की शुरुआत बहामास से करेंगे। इसके बाद वे इटली के मशहूर लेक कोमो जाएंगे। फिर उनका अगला पड़ाव पैरिस और फ्रेंच रिवेरा होगा। इसके बाद यह कपल क्रोएशिया, ग्रीस के एक निजी द्वीप, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया भी जाएगा। बताया जा रहा है कि उनका यह खास सफर हवाई में जाकर पूरा होगा। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि दोनों इस दौरान पब्लिक और सोशल लाइफ से दूरी बनाए रखेंगे।

**जून में शादी करेंगे टेलर और ट्रैविस**

भले ही पिछले साल अगस्त में हुई सगाई के बाद से ट्रैविस और टेलर ने अपनी निजी जिंदगी को काफी लाइमलाइट से दूर रखा है, लेकिन आए दिन उनके फैंस अपने चहेते कपल की शादी की तारीख का इंतजार कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह कपल 13 जून को शादी करने की तैयारी में है। इसके पीछे की वजह यह बताई जा रही है कि 13 नंबर टेलर का लकी नंबर है।

# अब नए सिरे से लिखी जा रही 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स'

द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स फ्रैंचाइजी के डायरेक्टर पीटर जैकसन ने हाल ही में बताया कि इसकी कहानी पर नए सिरे से काम हो रहा है। उन्होंने एक विडियो में कहा कि यह नया पार्ट द हंट फॉर गॉलम के बाद आएगा और इसका लेखन एक बेहद खास शख्स करेंगे। इस फिल्म का नाम द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स: शैडोज ऑफ पास्ट रखा गया है। पीटर जैकसन ने बताया, 'एक खास शख्स द हंट फॉर गॉलम के बाद आने वाली फिल्म में काम करेंगे। वह कोई और नहीं बल्कि द लेट शो के होस्ट स्टीफन कोलबेयर हैं।' उन्होंने इस मौके पर स्टीफन को विडियो कॉल के जरिए भी जोड़ा। इस नई फिल्म की कहानी को स्टीफन अपने बेटे पीटर मैकगी और फिलिपा बोयंस के साथ मिलकर लिखेंगे।


लॉर्ड ऑफ द रिंग्स फिल्म फ्रैंचाइजी लेखक जे.आर.आर टोल्किन की किताबों पर आधारित है। स्टीफन कोलबेयर ने बताया कि उन्हें यह कहानी बनाने की प्रेरणा द फेलोशिप ऑफ द रिंग को दोबारा पढ़ने के बाद मिली। उन्होंने उन चैप्टर्स के बारे में सोचा जो जैकसन की फिल्म अडैप्टेशन में शामिल नहीं थे। कोलबेयर ने कहा, 'मैं बार-बार फेलोशिप के उन शुरुआती छह चैप्टर्स को पढ़ रहा था जिन्हें आप लोगों ने पहली फिल्म में कभी नहीं दिखाया।'


स्टीफन कोलबेयर

लॉर्ड ऑफ द रिंग्स की किताबें और उनपर आधारित डायरेक्टर पीटर जैकसन की फिल्में मेरे लिए बहुत मायने रखती हैं - स्टीफन


# रिहाना के घर फायरिंग मामले में आया अपडेट

अमेरिकी पॉप सिंगर रिहाना के लॉस ऐंजिलस स्थित घर पर हुई फायरिंग के मामले में नया अपडेट आया है। इस केस में आरोपी महिला ने अदालत में खुद को निर्दोष बताया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 35 वर्षीय आरोपी महिला अदालत में पेश हुई और अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया। महिला पर हत्या के प्रयास, सेमी-ऑटोमैटिक हथियार से हमले और एक रिहायशी घर पर गोली चलाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। महिला के वकील ने दायर याचिका में कहा है कि उन्होंने सिर्फ कस्टडी एरिया में गोली चलाई थी। इससे पहले भी उनके वकील 11 मार्च को एक याचिका दाखिल कर चुके हैं, लेकिन तब उन्होंने यह याचिका वापस ले ली थी। फिलहाल आरोपी महिला हिरासत में है। अगर उनके खिलाफ सभी आरोप सिद्ध हो जाते हैं, तो उन्हें उम्रकैद की सजा हो सकती है। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला 8 मार्च को गाड़ी चलाकर सिंगर की प्रॉपर्टी पर पहुंची और सेमी-ऑटोमैटिक राइफल से फायरिंग शुरू कर दी। घटना के वक्त रिहाना अपने पार्टनर A$AP रॉकी और बच्चों संग घर में ही मौजूद थीं। हालांकि हमले में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन एक गोली घर की दीवार के पार निकल गई थी।



Photos: Surender Kumar

# फिल्म फेस्टिवल में शामिल सितारे



अर्जुन कपूर
निमरत कौर
मधुर भंडारकर
एनरीक आर्से
शर्मिला टैगोर
सिद्धांत चतुर्वेदी
कंगना रनौत

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 27-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDINDRAD User: cci Time: 03-26-2026 15:27 Color:



@kareenakapoorkhan



करीना कपूर

# 'वर्कआउट-योग और पराठों को नहीं छोड़ सकती'


CONTINUED FROM • 1

**बॉलिवुड में ज़ीरो** साइज का ट्रेंड सेट करने वाली करीना खाने को लेकर बहुत क्रेजी हैं। वह मानती हैं कि आज भी उन्हें पराठे बहुत पसंद हैं। वह कहती हैं, 'मेरा खाने और फिटनेस के साथ एक गहरा रिश्ता है, क्योंकि मुझे खाना पसंद है। आज मैंने दो पराठे खाए, मुझे पराठे तो चाहिए ही होते हैं। मैं अलग-अलग तरह के वर्कआउट करना पसंद करती हूं और उनमें कुछ ना कुछ प्रयोग करती रहती हूं। लेकिन मेरा दिल वापस योग की तरफ लौट आता है, क्योंकि मेरा असली जुड़ाव उसी से है। असल में, 2026 में मैंने अपनी योग की जर्नी को दोबारा से शुरू किया जिसे मैंने साल 2007 में फिल्म टशन के साथ शुरू किया था। मैं अपने शरीर में उन बदलावों को दोबारा से महसूस कर सकती हूं। मैंने हजारों तरह के वर्कआउट अपनाए हैं लेकिन हमेशा बाद में योग की तरफ लौट आती हूं। इसलिए पराठे हमेशा मेरे पसंदीदा रहेंगे और मैं अपना योग करती रहूंगी।'

## 'मिनी सीरीज करने की मेरी काफी तमन्ना है'

करीना कपूर खुद को नए सिरे से गढ़ने के बारे में कहती हैं, 'इसका कोई तय खाका नहीं है लेकिन मेरे लिए खुद को नए सिरे से गढ़ने का मतलब है कि हर साल कुछ नया करने की कोशिश करना। मैंने कभी मेघना गुलजार के साथ काम नहीं किया। वह बहुत ही बेहतरीन निर्देशक हैं। हमारी फिल्म दायरा आज के मुद्दों पर आधारित है और मैं इसे लेकर सच में काफी उत्साहित हूं। खुद को नया आकार देने की मेरी ये जर्नी मेरे किरदार के साथ आगे बढ़ेगी। मुझे उम्मीद है कि इस साल मैं सच में कुछ अलग करूंगी, शायद कोई अच्छा शो, या शायद कोई मिनी सीरीज। असल में, मैं हमेशा से एक मिनी सीरीज करना चाहती थी।'

"मुझे पराठे तो चाहिए ही होते हैं। मैं अलग-अलग तरह के वर्कआउट करना पसंद करती हूं, लेकिन मेरा दिल योग की तरफ लौट आता है, क्योंकि मेरा जुड़ाव उसी से है"



## 'करिश्मा-रणबीर RK स्टूडियोज़ के बारे में सोचें'

पिछले कई महीनों से चर्चा है कि रणबीर कपूर और करीना कपूर RK स्टूडियोज को फिर से शुरू करने जा रहे हैं। करीना ने इससे साफ मना किया। उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल सच नहीं है। हमारे पारिवारिक ग्रुप में भी इस बारे में बात हो रही थी और सब कह रहे थे कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। मुझे लगता है कि लोग सच में चाहते हैं कि RK स्टूडियोज फिर से शुरू हो। मेरा यह भी मानना है कि रणबीर का पूरा ध्यान ऐक्टिंग पर है। उन्हें ऐक्टिंग बहुत पसंद है। इसी वजह से उनका पूरा ध्यान फिलहाल ऐक्टिंग पर है। यह दिल तोड़ने वाली बात है लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। शायद करिश्मा और रणबीर को इस बारे में विचार करना चाहिए क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि मैं एक निर्माता और निर्देशक की तरह सोच सकती हूं।'

# बडीमून ट्रेंड में विरोश भी हो गए हैं शामिल

@rashmika_mandanna



तेजी से बढ़ते बडीमून ट्रेंड में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा (विरोश) भी शामिल हो गए हैं। हैदराबाद में शादी बाद दोनों थाईलैंड के कोह समुई में अपने करीबी दोस्तों के साथ बडीमून मनाने पहुंचे।

इस खास ट्रिप में उन्होंने दोस्तों के साथ एक ही जगह पर समय बिताया, साथ में गेम्स खेले, पूल में मस्ती की, बीच पर लंबी सैर की और शाम का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने लजीज खाने और लोकल कल्चर का भी करीब से अनुभव लिया। उनका कहना था कि यह ट्रिप किसी टूर की तरह नहीं, बल्कि उस जगह को जीने जैसा अनुभव था। इस दौरान दोनों बिलियर्ड्स खेलते हुए भी दिखाई दिए। दोनों ने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक विडियो भी शेयर किया है। जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।


### क्या है बडीमून ट्रेंड

बडीमून ट्रेंड में नया शादीशुदा जोड़ा अकेले हनीमून मनाने नहीं जाता बल्कि अपने दोस्तों और परिवार के साथ घूमने जाता है। रश्मिका और विजय भी अपने दोस्तों के साथ नजर आए।



बिलियर्ड्स खेलते विजय-रश्मिका

# सड़क से लेकर अवॉर्ड शो तक हो रहा विरोध




बिल का विरोध करते युवा

CONTINUED FROM • 1

**ट्रांसजेंडर व्यक्ति** (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन बिल, 2026 में मेडिकल प्रक्रिया के बाद ही जिला मजिस्ट्रेट ट्रांसजेंडर सर्टिफिकेट जारी करेंगे। बिल में ट्रांसजेंडर की परिभाषा को भी छोटा किया गया है। इसमें सिर्फ हिजड़ा, किन्नर, अरावनी और जोगता को ही मान्यता मिली है, जबकि नॉन बाइनरी (पुरुष या महिला दोनों न महसूस करना), जेंडर-फ्लुइड (कभी पुरुष, कभी स्त्री) या सेल्फ-आइडेंटिफाइड लोगों को इस श्रेणी से बाहर हो सकते हैं।

## 'यह पिछड़ा संशोधन है'

फिल्मकार ओनिर इस संशोधन पर हैरत जताते हुए कहते हैं, 'यह पूरी तरह असंवैधानिक है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है। बहुत ही पिछड़ा हुआ संशोधन है। मुझे समझ में नहीं आता कि इसकी जरूरत क्या है। यह किसी की निजता का हनन है। यह बेहद अपमानजनक है।'

## 'पहचान तय करने का हक'

सर, पाताल लोक 2, देल्ही क्राइम 2 जैसी फिल्मों और सीरीज की अदाकारा तिलोत्तमा शोम ने कहा, 'ये दिक्कतें इसलिए शुरू होती हैं, क्योंकि हमारी पहचान हमारी बायोलॉजी से बंधी हुई है। जबकि, यह दुनिया को देखना का बहुत ही सूक्ष्म तरीका है। हमें कुछ भी करना चाहिए, ताकि ये बिल आगे न जाए तो और हमारे पास अपनी पहचान खुद तय करने का मौका रह सके। जिससे हम एक सम्मानित तरीके से अपनी पहचान खुद तय कर पाएं।' फिल्म होमबाउंड के लिए दुनिया भर में तारीफें बटोरने वाले निर्देशक नीरज घेवान ने भी ट्रांसजेंडर बिरादरी को इस मामले में समर्थन देते हुए कहा, 'इस बिल का पास होना दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि हर किसी को अपनी पहचान खुद तय करने का हक है। होमोसेक्शुअल रिश्ते पर बनी फिल्म साबर बोंडा के लिए अवॉर्ड जीतने वाले निर्देशक रोहन कानवडे ने भी इस बिल को लेकर विरोध जताया। एलजीबीटीक्यू एक्टिविस्ट और मशहूर फिल्मकार ओनिर ने विरोध किया।'



"इंसानों को सिर्फ उनकी बायोलॉजी के आधार पर देखना बहुत ही सूक्ष्म तरीका है। हमारे पास अपनी पहचान खुद तय करने का मौका रहना चाहिए। -तिलोत्तमा शोम, ऐक्ट्रेस"

@rohitsaraf



# डेटिंग कर रहे हैं रोहित सराफ और प्रतिभा रांटा!

रोहित सराफ इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। उनका नाम प्रतिभा रांटा के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि अब तक दोनों ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित और प्रतिभा के बीच अच्छी दोस्ती है और दोनों एक-दूसरे के साथ समय बिताना पसंद करते हैं। कहा जा रहा है कि दोनों के बीच खास बॉन्डिंग है, लेकिन उन्होंने अपने रिश्ते को अभी तक कोई नाम नहीं दिया है। हाल ही में दोनों का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वे एक पार्टी में निर्देशक निखिल आडवाणी के साथ डांस करते नजर आए। इस विडियो के सामने आने के बाद फैंस के बीच उनकी डेटिंग की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

इसके अलावा, दोनों को कई बार साथ में देखा भी गया, जिससे अटकलों को और हवा मिली। प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो रोहित और प्रतिभा जल्द ही सीरीज द रिवोल्यूशनरीज में साथ नजर आ सकते हैं, जिसका निर्देशन निखिल आडवाणी कर रहे हैं। प्रतिभा रांटा हाल ही में फिल्म लापता लेडीज में नजर आई थीं और एस्पायरेंट्स का भी हिस्सा रह चुकी हैं। दूसरी ओर, रोहित इश्क लाइफ जैसी फिल्मों में कर चुके हैं।




**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in